तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अमान मोदी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353892187150077	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/04/26	अपीलार्थी अमान मोदी निवारी प्लॉट नम्बर 01 हनवंत स्कूल के पास, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.02.2026 प्लॉट नंबर 61 वखत सागर, सरदारपुरा, जोधपुर के मूल दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 515 दिनांक 15. 04.2026 द्वारा अवगत करवाया की प्रभारी अधिकारी आवास शाखा से प्राप्त 01 पृष्ठ की रिपोर्ट अपीलार्थी को कार्यालय हाजा के पत्र दिनांक 15.04.2026 द्वारा प्रेषित कर दी गई है। प्रभारी अधिकारी आवास शाखा की उक्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना की पत्रावली लगभग 67 वर्ष पुरानी होने के कारण वर्तमान में कार्यालय के अभिलेखागार में खोजबीन करने के उपरांत भी प्राप्त नहीं हुई है। वांछित सूचना उपलब्ध कराना संभव नहीं है। पत्रावली प्राप्त होते ही सूचना उपलब्ध करवा दी जायेगी। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) एवं संबंधित प्रभारी अधिकारी आवास शाखा को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना की पत्रावली की गहन स्तर पर तलाश करवाकर 15 दिवस में अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करवायी जावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.27 17:04:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21836585

M e-Sign